राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

अपील संख्या 1686/2009/अलवर
मैसर्स राज सोलवेक्स लिमिटेड.
अलवर

प्रार्थी

बनाम

उपायुक्त(अपील्स)
वाणिज्यिक कर विभाग, अलवर

अप्रार्थी

एकलपीठ
श्री सुनील शर्मा,सदस्य

उपस्थितः
श्री अलकेश शर्मा
अभिभाषक — प्रार्थी की ओर से
श्री एन.के.बैद
उप राजकीय अभिभाषक — अप्रार्थी की ओर से

निर्णय दिनांकः 26.08.2014

निर्णय

यह अपील प्रार्थी व्यवसायी की ओर से उपायुक्त(अपील्स),वाणिज्यिक कर, अलवर(जिसे आगे 'अपीलीय अधिकारी' कहा जायेगा) द्वारा अपील संख्या 277/आरएसटी/अलवर/99–00 में पारित आदेश दिनांक 19.09.2009 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है।

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं कि दिनांक 30.04.1999 को टैंकर संख्या जी जे–12यू. 8243 को गांधीधाम से अलवर की ओर जाते हुए मण्डार पर सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी,उडनदस्ता, सिरोही (जिसे आगे कर निर्धारण अधिकारी कहा जायेगा) द्वारा चेक किया गया,जिसमें इम्पोर्टेड आर.बी.डी पामआयॅल(एडीबल) भरा हुआ था। वाहन चाल ने माल से सम्बन्धित दस्तावेज पेश किये,जिसके साथ बिल,गेटपास एवं डिलीवरी चालान तथा जी आर उपलब्ध थे,केवल मात्र घोषणा पत्र एस टी 18ए संलग्न नहीं था। अतः कर निर्धारण अधिकारी ने परिवहनित माल अधिसूचित माल होने से उसकी अनिवार्यता के कारण राजस्थान विक्रय कर अधिनियम,1994 (जिसे आगे अधिनियम कहा जायेगा) की धारा 78 (5) के अन्तर्गत शास्ति आरोपण हेतु नोटिस जारी किया। इसी मध्य उक्त अभियोग की पत्रावली कर निर्धारण अधिकारी ने वाणिज्यिक कर अधिकारी, प्रतिकरापवंचन, आबूरोड (जिसे आगे निर्धारण अधिकारी कहा जायेगा)को दे दी। निर्धारण अधिकारी ने वक्त चेकिंग परिवहनित माल के साथ घोषणा पत्र नही होने के कारण पुनः नोटिस जारी किया गया। नोटिस की पालना अपीलार्थी व्यवहारी की ओर से जवाब के साथ घोषणा पत्र एस टी 18ए पेश किया गया। कर निर्धारण अधिकारी ने उसे अस्वीकार करते हुए अधिनियम की धारा 78 (5) के अन्तर्गत शास्ति रू. 1,73,080/– आरोपित कर दी,जिसके विरूद्ध अपीलार्थी व्यवहारी द्वारा अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने पर उन्होंने दिनांक 18.08.2000 को आदेश पारित कर आरोपित शास्ति को यथावत रखते हुए अपील अस्वीकार कर दी।

राजस्व की ओर से अपीलीय अधिकारी के आदेश दिनांक 18.08.2000 से असन्तुष्ट होकर राजस्थान कर बोर्ड में अपील प्रस्तुत किये जाने पर कर बोर्ड की माननीय एकलपीठ द्वारा अपील संख्या 1429 / 2000 / सिरोही का निस्तारण दिनांक 30.10.2002 को करते हुए अपील अस्वीकार कर दी। कर बोर्ड के निर्णय दिनांक 30.10.2002 के विरूद्ध विभाग द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के समक्ष रिवीजन संख्या 963 / 2003 प्रस्तुत की गई, जिस पर माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा रिवीजन संख्या 13 / 2003 सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी,वार्ड–द्वितीय,वृत–बी, श्रीगंगानगर बनाम मैसर्स सुनील कुमार एण्ड कम्पनी के निर्णय दिनांक 10.09.2007 में प्रस्तुत रिवीजन को सम्बन्धित उपायुक्त(अपील्स) को प्रतिप्रेषित कर, सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी,उडनदस्ता,श्रीगंगानगर बनाम मैसर्स देव ट्रेडिंग कम्पनी की एस.बी.सिविल रिवीजन नम्बर 555 / 2003 निर्णय दिनांक 5.9.2007 के निर्देशानुसार निष्पादन हेतु प्रकरण प्रतिप्रेषित कर दिया। उक्त निर्देश की पालना में अपीलीय अधिकारी ने दिनांक 19.11.2009 को आदेश पारित करते हुए कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 78 (5) के अन्तर्गत आरोपित शास्ति को बहाल कर प्रकरण का निस्तारण किया है। अपीलीय अधिकारी के आदेश दिनांक 19.11.2009 से क्षुब्ध होकर अपीलार्थी व्यवहारी की ओर से यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपीलार्थी के विद्वान अभिभाषक ने कथन किया कि कर निर्धारण अधिकारी द्वारा पारित आदेश पूर्णतया अविधिक एवं अनुचित है। उनका कथन है कि परिवहनित माल आर बी डी पाम ऑयल है जो अपीलार्थी का कच्चा माल है,जिसका परिवहन गांधीधाम से अलवर के लिए किया जा रहा है। उनका कथन है कि वक्त चेकिंग माल से सम्बन्धित बिल,बिल्टी,गेटपास एवं डिलीवरी चालान आदि थे किन्तु वाहन चालक की भूल से जारी किया गया घोषणा पत्र एस टी18ए ट्रांसपोर्टर के पास ही रह गया था,जिसे कर निर्धारण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किये जाने पर जवाब के साथ प्रस्तुत कर दिया गया,इसलिए हस्तगत प्रकरण में अपीलार्थी का कोई दोषी मनोभाव नही होने से मैसर्स गुलजग इण्डस्ट्रीज बनाम वाणिज्यिक कर अधिकारी व अन्यक निर्णय दिनांक 3.5.2007 लागू नहीं होकर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा राजस्थान राज्य बनाम मैसर्स डी.पी.मेटल्स (124 एसटी सी 611) लागू होता है। उनका कथन है कि विद्वान अपीलीय अधिकारी ने विधिक प्रावधानों एवं प्रकरण के तथ्यों की अनदेखी करते हुए कर निर्धारण अधिकारी द्वारा पारित आदेश की पुष्टि करते हुए अपीलार्थी की अपील अस्वीकार की है, जो अविधिक है। उन्होंने अपने कथन के समर्थन में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा एस.बी.सेल्स टैक्स रिवीजन पिटीशन संख्या 190 / 2012 मैसर्स सेरा टेक इण्डिया बनाम सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी,भिवाडी में पारित

